आईओसीएल की पाइप लाइन से 4.48 करोड़ रु. का तेल चुराने वाला मुख्य बदमाश गिरफ्तार

इस गिरोह ने पाइप लाइन में अवैध वॉल्व लगाकर करीब 8 लाख लीटर क्रूड ऑयल पार किया था

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) की भूमिगत पाइपलाइन में सेंध लगाकर अवैध वाल्व के जरिए करीब आठ लाख लीटर क्रूड ऑयल चोरी करने के मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने मुख्य आरोपी को गुजरात से गिरफ्तार किया है। चोरी किए गए क्रूड ऑयल की बाजार कीमत करीब 4.48 करोड़ रुपए बताई गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी पर करीब 36 टैंकर क्रूड ऑयल चोरी करने में शामिल होने का आरोप है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

एसओजी के अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस विशाल बंसल ने बताया कि अप्रैल 2025 में आईओसीएल ब्यावर के सहायक प्रबंधक संजय कुमार सेन ने एसओजी थाना जयपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ब्यावर जिले की मसूदा तहसील के नासून गांव में चरागाह भूमि से गुजर रही आईओसीएल की भूमिगत सलाया-मथुरा पाइपलाइन (सीएमपीएल-24) में सेंधमारी की गई थी।

आरोपी जैयश भाई उर्फ मोदी

- **पुलिस के अनुसार आरोपी पर करीब 36 टैंकर क्रूड ऑयल चोरी करने में शामिल होने का आरोप है।**

आरोपियों ने पाइपलाइन में छेद कर अवैध वाल्व लगाया था। इसके बाद लोहे और हाइड्रोलिक प्लास्टिक पाइप तथा फ्लेंज की मदद से कनेक्शन जोड़कर पाइपलाइन से क्रूड ऑयल निकाला गया। जांच में करीब 8 लाख लीटर क्रूड ऑयल चोरी किए जाने की बात सामने आई। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए एसओजी की ओर से विशेष जांच शुरू की गई। मौके से एफएसएल, साइबर टीम, फुटप्रिंट और फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों की मदद से साक्ष्य जुटाए गए। एसओजी की तकनीकी शाखा ने बीटीएस डेटा और दूरसंचार कंपनियों से प्राप्त कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) का विश्लेषण किया। तकनीकी जांच के दौरान गिरोह का गुजरात कनेक्शन सामने आया। इसके बाद पुलिस ने संदिग्धों की पहचान कर मुख्य आरोपी जैयश भाई उर्फ मोदी उर्फ राजू (56) निवासी जवाहर नगर जिला वडोदरा (गुजरात) को गिरफ्तार किया। एसओजी ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे 7 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस आरोपी से क्रूड ऑयल चोरी की साजिश, पाइप लाइन में सेंध लगाने, चोरी किए गए तेल की सप्लाई और गिरोह में शामिल अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

एस.ओ.जी. के अधिकारियों के अनुसार इस तेल चोरी के मामले में अब तक कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस अन्य वांछित और संदिग्ध आरोपियों की तलाश में जुटी है। जांच में गिरोह के नेटवर्क और चोरी किए गए क्रूड ऑयल की खरीद-फरोख्त से जुड़े लोगों की भूमिका भी खंगाली जा रही है।

चिकित्सा संस्थानों में मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर विकसित करें : मुख्य सचिव

'सभी नवजात शिशु देखभाल इकाइयों की क्रियाशीलता सुनिश्चित करें'

जयपुर। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने प्रदेश में तृतीयक स्तर की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए चिकित्सा संस्थानों में ऑपरेशन थियेटरों को चरणबद्ध रूप से मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों सहित चिकित्सा संस्थानों में स्थापित नवजात शिशु देखभाल इकाइयों की शत-प्रतिशत क्रियाशीलता सुनिश्चित करने और उनकी नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

- **प्रत्येक यूनिट का रोस्टर तैयार कर सख्ती से पालना कराने के निर्देश दिए**

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सोमवार को स्वास्थ्य भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक ली। इस मौके पर प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ भी उनके साथ उपस्थित रहीं।

स्वास्थ्य भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई समीक्षा बैठक में उन्होंने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन और आरजीएचएस सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने मातृ मृत्यु दर में सुधार के लिए जारी गाइडलाइन की प्रभावी पालना और गहन मॉनिटरिंग, प्रसव सुविधा वाले संस्थानों में ऑटोक्लेव मशीन की उपलब्धता व क्रियाशीलता तथा बेड ऑक्यूपेंसी रेट की नियमित समीक्षा के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने प्रसव भार के अनुरूप स्त्रीरोग एवं शिशु रोग विशेषज्ञों की उपलब्धता, परिवार कल्याण व मातृ-शिशु स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता सामग्री के प्रभावी प्रदर्शन तथा प्रत्येक यूनिट का स्पष्ट रोस्टर बनाकर उसकी सख्ती से पालना सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने प्रसूताओं के लिए शुरू किए गए प्रसव सखी हेल्प डेस्क में आवश्यक सुधार, उप स्वास्थ्य केन्द्र से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर तक टेली-कंसल्टेशन के प्रभावी उपयोग और मेडिकल कॉलेजों में पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी व पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजी यूनिट को पूर्ण क्रियाशील करने पर जोर दिया। एनेस्थीसियोलॉजी, स्त्री एवं प्रसूति रोग तथा शिशु रोग विभागों के रिक्त पद भरने के निर्देश भी दिए। चिकित्सा-स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि आरजीएचएस में पारदर्शिता व वित्तीय अनुशासन के लिए सुधार जारी है। उन्होंने स्वयं का फार्मेसी बिलिंग सिस्टम विकसित किया जा रहा है, जिसका पायलट उपयोग शुरू हो चुका है और अगले माह तक इसे पूर्ण रूप से लागू किया जाएगा। दवाइयों के अतिरिक्त व्यय को नियंत्रित करने के लिए प्राइस बेंचमार्क भी स्थापित किया गया है। बैठक में मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जोगाराम, प्रबंध निदेशक आरएमएससीएल पुखराज सैन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजस्थान हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी हरजीलाल अटल, निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा, निदेशक आरसीएच डॉ. मधु रतेश्वर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

10 हजार की रिश्वत लेते डिस्कॉम का बाबू गिरफ्तार

जयपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने सोमवार को श्रीगंगानगर में कार्रवाई करते हुए जोधपुर डिस्कॉम के सूरतगढ़ स्थित सहायक अभियंता कार्यालय में तैनात सीसी बाबू सुधीर को दस हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। आरोपी परिवादी की फर्म द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत लगवाए जा रहे सोलर सिस्टम से संबंधित दो पत्रावलियों में एससीओ (सर्विस कनेक्शन ऑर्डर) जारी करने की एवज में रिश्वत मांग रहा था।

एसीबी के महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता ने बताया कि एसीबी चौकी श्रीगंगानगर को परिवादी ने शिकायत दी थी कि उसकी फर्म प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत उपभोक्ताओं के सोलर सिस्टम लगवाने का कार्य करती है। फर्म की ओर से योजना के तहत तीन उपभोक्ताओं के सोलर सिस्टम लगाने की स्वीकृति के लिए पत्रावलियां प्रस्तुत की गई थीं। इन पत्रावलियों में एससीओ जारी करने के बदले जोधपुर डिस्कॉम, सूरतगढ़ के कार्यालय सहायक अभियंता कार्यालय में तैनात सीसी बाबू सुधीर द्वारा खर्चे-पानी के नाम पर रिश्वत की मांग की जा रही थी। शिकायत के अनुसार आरोपी ने रिश्वत की राशि नहीं देने पर सोलर सिस्टम से संबंधित स्वीकृति जारी नहीं करने की धमकी भी दी थी। शिकायत का सत्यापन करवाए जाने के बाद एसीबी ने ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई।

- **प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की दो पत्रावलियों के लिए मांगी थी रिश्वत**

जिस पर एसीबी श्रीगंगानगर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पवन कुमार मीणा के नेतृत्व में ब्यूरो टीम ने ट्रैप कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान आरोपी सुधीर को परिवादी से 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

सेंट्रल जेल में 13 मोबाइल बरामद

जयपुर। जयपुर सेंट्रल जेल में तलाशी अभियान के दौरान वार्ड नंबर 10 और 11 से 13 मोबाइल फोन बरामद किए गए। कैदियों के पास चार्जर, सिम कार्ड, डेटा केबल सहित अन्य प्रतिबंधित सामान भी मिला। मामले में जेल प्रहरी मनोज कुमार शर्मा की ओर से 13 कैदियों के खिलाफ लालकोठी थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। एसआई श्याम सुंदर ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर बरामद मोबाइल और अन्य सामान को जांच में शामिल किया है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि मोबाइल जेल के अंदर किस तरह पहुंचे और इनका इस्तेमाल किन लोगों से संपर्क के लिए किया जा रहा था। इस मामले में शिवराज, विशाल, ब्रह्मिसंह, देवी सिंह, प्रकाश, कपिल, मुस्ताक अली, विष्णु सिंह, युनुस, भानाराम माली, साहिल गोदारा, कुलवेंद्र और कृष्णा के नाम सामने आए हैं। पुलिस मोबाइल नंबर, सिम कार्ड और कॉल डिटेल के आधार पर संपर्क और संभावित नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है। साथ ही जेल में प्रतिबंधित सामान पहुंचाने में किसी बाहरी व्यक्ति की भूमिका रही या नहीं, इसकी भी जांच की जा रही है।

स्कूल संचालक ने मॉल की 7वीं मंजिल से छलांग लगाई

जयपुर। चित्रकूट नगर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह बनीपार्क निवासी एक निजी स्कूल संचालक ने अजमेर रोड स्थित एलीमेंट मॉल की सातवीं मंजिल से छलांग लगाकर जान दे दी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल टीम की मदद से घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। मॉल की पार्किंग से संबंधित सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को मिले हैं।

- **पत्नी से मनमुटाव के चलते मानसिक तनाव में होने की बात सामने आई**

थानाधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान अभिनव राज (38) निवासी दुर्गा मार्ग, बनीपार्क के रूप में हुई है। वह बनीपार्क क्षेत्र में निजी स्कूल संचालित करते थे। पुलिस के अनुसार अभिनव राज सोमवार सुबह करीब नौ बजे अपाचे बाइक से घर से निकले थे। करीब साढ़े नौ बजे वह अजमेर रोड स्थित एलीमेंट मॉल पहुंचे। उन्होंने मॉल की पार्किंग में बाइक खड़ी की और लिफ्ट से सातवीं मंजिल पर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने वहां से छलांग लगा दी। अभिनव के नीचे गिरने पर तेज आवाज हुई। मौके पर मौजूद लोगों ने लहूलुहान हालत में उन्हें देखा और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही चित्रकूट नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एफएसएल टीम को बुलाकर घटनास्थल की जांच करवाई गई और आवश्यक साक्ष्य जुटाए गए। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अभिनव राज की करीब दो वर्ष पहले शादी हुई थी। शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच मनमुटाव चल रहा था। दोनों अलग-अलग रह रहे थे। पुलिस के अनुसार पत्नी से चल रहे विवाद के कारण वह पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस मॉल की पार्किंग सहित अन्य स्थानों के फुटेज भी खंगाल रही है।

टूरिस्ट गाइड पर चाकू से हमला, अस्पताल में भर्ती

जयपुर। आमेर क्षेत्र में सोमवार सुबह मावठा सरोवर के पास आमेर किले तक गाड़ी ले जाने को लेकर जीप चालक और टूरिस्ट गाइड के बीच विवाद हो गया। कहासुनी बढ़ने पर जीप चालक आजम ने अपने साथी नाजिश के साथ मिलकर टूरिस्ट गाइड मनीष सोनी पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू के वार से मनीष के पेट में गंभीर चोट आई। उन्हें सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी है।

थानाधिकारी राजेंद्र गौतम ने बताया कि मावठा के पास गाइड मनीष सोनी गाड़ियों को आमेर किले तक पहुंचाने से रोक रहा था। इसी बात को लेकर जीप चालक आजम से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आजम और उसके साथी नाजिश ने मनीष पर चाकू से हमला कर दिया। घटना सुबह करीब 10 बजे की है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया। वारदात के बाद बड़ी संख्या में टूरिस्ट गाइड और स्थानीय लोग आमेर थाने पहुंच गए। लोगों ने करीब डेढ़ घंटे तक प्रदर्शन कर आरोपियों की गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की। घटना से क्षेत्र में आक्रोश का माहौल रहा। पुलिस ने आरोपी आजम और नाजिश को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। साथ ही विवाद की पूरी वजह और हमले में इस्तेमाल चाकू के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस के अनुसार आजम के खिलाफ आमेर थाने में पहले से दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश भी हो सकती है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

सार-समाचार

हाईकोर्ट में रक्तदान शिविर 10 को

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर परिसर में स्व. सतीश चंद्र अग्रवाल की 29वीं पुण्यतिथि पर 10 सितम्बर को रक्तदान शिविर आयोजित किया जायेगा। यह शिविर सतीश चंद्र अग्रवाल सभागार में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। उल्लेखनीय है कि सतीश चंद्र अग्रवाल मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से यह पांचवां रक्तदान शिविर है। ज्ञात रहे कि स्व. अग्रवाल एक वरिष्ठ अधिवक्ता होने के साथ-साथ केंद्रीय मंत्री, सांसद एवं विधायक भी रहे। यह जानकारी ट्रस्टी अधिवक्ता शशांक अग्रवाल ने दी है। उन्होंने बताया कि रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन राजस्थान उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव सोगरवाल, महासचिव दीपेश शर्मा एवं अन्य अधिवक्ताओं की उपस्थिति में किया गया।

डॉ. शिल्पा को 'बेस्ट टीचर अवॉर्ड'

जयपुर। शिक्षा एवं विधि के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. शिल्पा रस्तोगी, एसोसिएट प्रोफेसर एवं हैड, लॉ फैकल्टी, विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी, जयपुर को प्रतिष्ठित "बेस्ट टीचर अवॉर्ड" से सम्मानित किया गया। डॉ. शिल्पा रस्तोगी ने शिक्षण, विधि शिक्षा तथा विद्यार्थियों के शैक्षिणक एवं व्यावसायिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनके समर्पण, उत्कृष्ट शिक्षण कार्य और अकादमिक नेतृत्व को देखते हुए उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर उनके पति सार्थक एवं परिवारजनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

"द म्यूज़िक हील्स" का आयोजन

जयपुर। स्वास्थ्य और संगीत का अनूठा संगम देखने को मिला, स्वास्थ्य संबंधी उपयोगी जानकारियों के साथ डॉक्टरों ने अपनी गायकी से उपस्थित लोगों को एक यादगार संगीतमय शाम का अनुभव कराया। मौका था सृजन द स्पार्क -जयपुर की ओर से द म्यूज़िक हील्स के आयोजन का। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ यह संदेश देना था कि संगीत न केवल मन को सुकून देता है, बल्कि तनाव कम करने और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी सकारात्मक भूमिका निभा सकता है। इस दौरान डॉक्टरों ने अपने-अपने विशेषज्ञता क्षेत्र से जुड़े स्वास्थ्य संबंधी जरूरी सुझाव साझा किए। इस विशेष संगीतमय आयोजन में शहर के जाने-माने डॉक्टर्स जैसे कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. जे. एस. मक्कर, सीनियर डेंटल सर्जन डॉ. समीर शर्मा, नेफ्रोलॉजीस्ट डॉ. निशा गौड़ और फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. अर्पित कल्ला ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन किया। डॉक्टरों की प्रस्तुतियों को उपस्थित सृजन सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सराहा और उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान संस्था के चेयरमैन राजेश नवलखा, अध्यक्ष सम्प्रति सिंघवी, सचिव राजीव सिंघवी, आईपीपी सुरेश डड्डा, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर राजीव नागौरी ने सभी डॉक्टर्स और श्रोताओं का स्वागत किया। नवोदित कलाकारों को अनुभवी मार्गदर्शकों के निर्देशन में अपनी गायन प्रतिभा निखारने और मंचीय अनुभव पाने का सशक्त मंच मिला।

चित्रों से समझाए जीवन-प्रकृति के रंग

जयपुर। कहीं कोई कलाकार पर्यावरण की बारीकियों को समझाती पेंटिंग बना रहा था, तो किसी कलाकार के चित्र की लकीरों में जीवन के रंग थे। कुछ ऐसा ही नजारा था सोमवार को राजस्थान विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ ड्रॉइंग एंड पेंटिंग का, जहां नेशनल आर्टिस्ट क्रिएटिव कैंप का शुभारंभ हुआ। इसमें विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों ने अपनी कला का जीवंत प्रदर्शन किया। कैंप का उद्घाटन अतिथियों शिक्षाविद अर्चना सुराणा, प्रो. वंदना कल्ला, प्रो. आईयू खान और कलामर्मज्ञ मोनिका शारदा ने तुलसी के पौधे में जल अर्पित करके किया। कैंप की क्यूरेटर और विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता राज गोयल ने बताया कि चार दिवसीय यह कैंप 10 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। इसमें बनने वाली पेंटिंग्स को गुरुवार की शाम से निर्माण नगर स्थित कला दीर्घा जयपुर सेंटर ऑफ कल्चर एंड आर्ट्स (जेसीसीए) में प्रदर्शित किया जाएगा।

राजस्थान से गुजर रहा देश का सबसे लंबा फ्रेट कॉरिडोर

जयपुर। देश में माल परिवहन की तस्वीर बदलने में डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) अहम भूमिका निभा रहा है। मालगाड़ियों के लिए बनाए गए इस समर्पित रेल नेटवर्क से माल परिवहन की गति, क्षमता और विश्वसनीयता बढ़ने के साथ मौजूदा रेल मार्गों पर यात्री ट्रेनों के लिए भी अतिरिक्त क्षमता उपलब्ध हुई है। इससे यात्री ट्रेनों के संचालन और समयपालन में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण लाभ मिल रहा है। राजस्थान के लिए वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर विशेष महत्व रखता है। रेवाड़ी से पालनपुर के बीच करीब 567 किलोमीटर लंबा हिस्सा राजस्थान से होकर गुजरता है, जो किसी एक राज्य से गुजरने वाला डीएफसी का सबसे लंबा खंड है। इस कॉरिडोर से जयपुर, अजमेर, पाली और जोधपुर समेत प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों को तेज और अधिक विश्वसनीय माल परिवहन सुविधा मिल रही है। राजस्थान से गुजरने वाला फ्रेट कॉरिडोर प्रदेश के मैन्युफैक्चरिंग, कपड़ा, सिरेमिक, मार्बल और अन्य औद्योगिक क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी उपलब्ध करा रहा है। लंबी दूरी तक माल की तेज आवाजाही होने से परिवहन समय और लॉजिस्टिक्स लागत कम करने में मदद मिल रही है। साथ ही बंदरगाहों और प्रमुख औद्योगिक केंद्रों तक माल की समयबद्ध डिलीवरी आसान हुई है। इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन पर मालगाड़ियों के संचालन से ईंधन की बचत और कार्बन उत्सर्जन में कमी की दिशा में भी लाभ मिल रहा है। वहीं गति शक्ति कार्गो टर्मिनल, लॉजिस्टिक्स पार्क और मल्टीमॉडल परिवहन सुविधाओं के विकास से उद्योग-व्यापार बढ़ेगा।

स्कूल निर्माण में लापरवाही बरती तो होगी सख्त कार्रवाई : राजेश यादव

1293 नए विद्यालय भवन सहित 16 हजार से अधिक निर्माण एवं मरम्मत कार्य जारी

जयपुर (कासं)। स्कूली शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश यादव ने सरकारी स्कूलों में चल रहे निर्माण एवं मरम्मत कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को स्कूलों का स्वयं निरीक्षण कर कार्यों का भौतिक सत्यापन करने को कहा। लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई होगी।

वित्तीय वर्ष 2026-27 में विभिन्न योजनाओं के तहत करीब 3,037.21 करोड़ रु. के कार्य स्वीकृत हुए हैं। इनमें 1293 नए विद्यालय भवन, 5348 वृहद मरम्मत कार्य और 9334 नए एवं अतिरिक्त कक्षा-कक्ष शामिल हैं। वर्तमान में 290 विद्यालय भवन, 599 मरम्मत कार्य और 2099 कक्षा-कक्षों का निर्माण जारी है। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कोनी, जिला नागौर में तकनीकी पर्यवेक्षण में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कनिष्ठ अभियंता को निलंबित करने के निर्देश दिए गए। यादव ने पीएम-जनमन, पीएम श्री, समग्र शिक्षा अभियान, स्टार्स, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान और डाइट सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। भारी बारिश को देखते हुए स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश यादव ने सरकारी स्कूलों में चल रहे निर्माण एवं मरम्मत कार्यों को लेकर बैठक ली।

ए.डी.बी. अगले 5 वर्षों में राजस्थान में 2 बिलियन डॉलर की परियोजनाओं को सहयोग देगा : श्रीनिवास

मुख्य सचिव से एडीबी कंट्री डायरेक्टर मियो ओका की शिष्टाचार भेंट

जयपुर (कासं)। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास से सोमवार को एशियन डवलपमेंट बैंक (एडीबी) की कंट्री डायरेक्टर (इंडिया) मियो ओका ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राजस्थान में एडीबी के सहयोग से संचालित एवं प्रस्तावित विभिन्न परियोजनाओं, आगामी पांच वर्षों में साझेदारी मजबूत करने तथा नए क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

एडीबी ने आगामी पांच वर्षों में राजस्थान के साथ दीर्घकालीन एवं व्यापक साझेदारी के तहत करीब 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर की परियोजनाओं को सहयोग प्रदान करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। बैठक में एडीबी द्वारा वित्त-पोषित जयपुर मेट्रो परियोजना, राजस्थान अर्बन लाइवेबिलिटी इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट (आरयूएलआईपी) तथा पृथ्वी परियोजना के लिए सहयोग पर भी चर्चा हुई। विकास की नई आवश्यकताओं के अनुरूप परियोजनाओं की पहचान कर उनका शीघ्र क्रियान्वयन करने पर जोर दिया गया। एडीबी की ओर से राजस्थान में सिंचाई, नवीकरणीय ऊर्जा और परिसंपत्ति मौद्रीकरण जैसे क्षेत्रों में नई परियोजनाएं विकसित करने का सुझाव दिया गया। राज्य की प्राथमिकताओं के अनुरूप इन क्षेत्रों में परियोजनाएं चिन्हित कर एडीबी के सहयोग से आगे बढ़ाने के लिए आश्वस्त किया गया।

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सोमवार को एशियन डवलपमेंट बैंक की कंट्री डायरेक्टर मियो ओका के साथ बैठक में प्रदेश की परियोजनाओं पर चर्चा की।

मुख्य सचिव ने एडीबी के सहयोग से संचालित परियोजनाओं के महत्व को रेखांकित करते हुए आगामी परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से पूरा करने तथा राज्य की विकास प्राथमिकताओं के अनुरूप नए क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर बल दिया। मियो ओका ने राजस्थान में नागरिक सुविधाओं में सुधार, आधारभूत संरचना के विकास और राज्य की आर्थिक प्रगति को गति देने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में आयोजना विभाग के शासन सचिव डॉ. रवि कुमार सुरपुर, विशिष्ट शासन सचिव वित्त शिवांगी स्वर्णकार सहित संबंधित अधिकारी एवं एडीबी के प्रतिनिधि मौजूद थे।

सचिन पायलट का जन्मदिन सेवा और जनकल्याण के रूप में मनाया

जयपुर। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पंजाब प्रभारी सचिन पायलट का जन्मदिन सोमवार को विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में सेवा, सद्भाव और जनकल्याण के रूप में मनाया गया। महेंद्र सिंह खेड़ी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विभिन्न सेवा कार्यों में भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत पापड़ के हनुमानजी मंदिर में रामधुनी और पूजा-अर्चना के साथ हुई। कार्यकर्ताओं ने भगवान हनुमानजी के दर्शन कर देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि और आमजन के कल्याण की कामना की। इसके बाद गौसेवा की गई।

इसके पश्चात झोटवाड़ा स्थित इंदिरा कुष्ठ आश्रम में जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित किया गया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पायलट के जन्मदिन को जनसेवा के पर्व के रूप में मनाते हुए समाज के जरूरतमंद और वंचित वर्ग के साथ खड़े रहने का संकल्प लिया। खेड़ी ने कहा कि सचिन पायलट का जन्मदिन केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि मानव सेवा, गौसेवा और जरूरतमंदों की मदद के संकल्प का दिन है। उन्होंने कहा कि पायलट किसान, मजदूर, युवा, गरीब और आमजन के हितों की आवाज मजबूती से उठाते रहे हैं। उनके विचारों से प्रेरणा लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता जनहित के कार्यों में सक्रिय रहेंगे। कार्यक्रम में कांग्रेस कमेटी के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश शर्मा, पूर्व पार्षद लादूराम दुलारिया, पीसीसी सचिव सुरेंद्र लांबा, बंशीधर गोलिया, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष मोहम्मद महबूब जड़ावता, डीसीसी महासचिव इमरान खान छोटी बेरी, किसान कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष गुलाब सैनी, कांग्रेस नेता दिलीप सिंह दिवराला सहित यूथ कांग्रेस, सेवादल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे। अंत में सभी ने सचिन पायलट के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और सफल राजनीतिक जीवन की कामना की।

- **विद्याधर नगर में मंदिर में पूजा-अर्चना, गौसेवा और कुष्ठ आश्रम में भोजन वितरण**
- **कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लिया जनसेवा का संकल्प**